**Series JMS/1**

**SET-3**

कोड नं.
Code No. **3/1/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम अ)
## (Course A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum marks : 80*

***सामान्य निर्देश:***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खंड हैं- क, ख, ग और घ।*

*(ii)* *चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

[P.T.O.

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 8

आजकल दूरदर्शन पर आने वाले धारावाहिक देखने का प्रचलन बढ़ गया है। बाल्यावस्था में यह शौक हानिकारक है। दूरदर्शन पर दिखाए जाने वाले धारावाहिक निम्न स्तर के होते हैं। उनमें अश्लीलता, अनास्था, फैशन तथा नैतिक बुराइयाँ ही अधिक देखने को मिलती हैं। छोटे बालक मानसिक रूप से परिपक्व नहीं होते। इस उम्र में वे जो भी देखते हैं उसका प्रभाव उनके दिमाग पर अंकित हो जाता है। बुरी आदतों को वे शीघ्र ही अपना लेते हैं। समाजशास्त्रियों के एक वर्ग का मानना है कि समाज में चारों ओर फैली बुराइयों का एक बड़ा कारण दूरदर्शन तथा चलचित्र भी हैं। दूरदर्शन से आत्मसीमितता, जड़ता, पंगुता, अकेलापन आदि दोष बढ़े हैं। बिना समय की पाबंदी के घंटों दूरदर्शन के साथ चिपके रहना बिलकुल गलत है। इससे मानसिक विकास रुक जाता है, नज़र कमजोर हो सकती है और तनाव बढ़ सकता है।

(क) आजकल दूरदर्शन के धारावाहिकों का स्तर कैसा है? 2

(ख) दूरदर्शन का दुष्प्रभाव किन पर अधिक पड़ता है और क्यों? 2

(ग) दूरदर्शन के क्या-क्या दुष्प्रभाव हैं? 2

(घ) 'बाल्यावस्था' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए। 1

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 7

कोलाहल हो
या सन्नाटा कविता सदा सृजन करती है
जब भी आँसू हुआ पराजित,
कविता सदा जंग लड़ती है
जब भी कर्ता हुआ अकर्ता
कविता ने जीना सिखलाया
यात्राएँ जब मौन हो गईं
कविता ने चलना सिखलाया
जब भी तम का जुल्म बढ़ा है,
कविता नया सूर्य गढ़ती है,
जब गीतों की फसलें लुटतीं
शीलहरण होता कलियों का,
शब्दहीन जब हुई चेतना



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

तब-तब चैन लुटा गलियों का
अपने भी हो गए पराए
यों झूठे अनुबंध हो गए
घर में ही वनवास हो रहा
यों गूंगे संबंध हो गए।

(क) कविता कैसी परिस्थितियों में सृजन करती है? स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) भाव समझाइए 'जब भी तम का जुल्म बढ़ा है, कविता नया सूर्य गढ़ती है।' 2

(ग) गलियों का चैन कब लुटता है? 1

(घ) 'परस्पर संबंधों में दूरियाँ बढ़ने लगीं' - यह भाव किस पंक्ति में आया है? 1

(ङ) कविता जीना कब सिखाती है? 1

**अथवा**

जो बीत गई सो बात गई।
जीवन में एक सितारा था,
माना, वह बेहद प्यारा था,
वह डूब गया तो डूब गया।
अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे,
कितने इसके प्यारे छूटे,
जो छूट गए फिर कहाँ मिले;
पर बोलो टूटे तारों पर,
कब अंबर शोक मनाता है?
जो बीत गई सो बात गई।
जीवन में वह था एक कुसुम,
थे उस पर नित्य निछावर तुम,
वह सूख गया तो सूख गया;
मधुबन की छाती को देखो,
सूखी कितनी इसकी कलियाँ,
मुरझाई कितनी वल्लरियाँ,
जो मुरझाई फिर कहाँ खिलीं,
पर बोलो सूखे फूलों पर,
कब मधुबन शोर मचाता है?
जो बीत गई सो बात गई।

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(क) 'जो बीत गई सो बात गई' से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) आकाश की ओर कब देखना चाहिए और क्यों? 2

(ग) 'सूखे फूल' और 'मधुबन' के प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए। 1

(घ) टूटे तारों का शोक कौन नहीं मनाता है? 1

(ङ) आपके विचार से 'जीवन में एक सितारा' किसे माना होगा? 1

## खंड 'ख'

3. निर्देशानुसार किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए – 1×3=3

(क) मैंने उस व्यक्ति को देखा जो पीड़ा से कराह रहा था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) जो व्यक्ति परिश्रमी होता है, वह अवश्य सफल होता है। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) वह कौन-सी पुस्तक है जो आपको बहुत पसंद है। (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

(घ) कश्मीरी गेट के निकल्सन कब्रगाह में उनका ताबूत उतारा गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

4. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **चार** वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए – 1×4=4

(क) बालगोबिन भगत प्रभातियाँ गाते थे। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) बीमारी के कारण वह यहाँ न आ सका। (भाववाच्य में बदलिए)

(ग) माँ के द्वारा बचपन में ही घोषित कर दिया गया था। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(घ) अवनि चाय बना रही है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ङ) घायल हंस उड़ न पाया। (भाववाच्य में बदलिए)

5. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **चार** रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए- 1×4=4

(क) दादी जी प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ती हैं।

(ख) रोहन यहाँ नहीं आया था।

(ग) वे मुंबई जा चुके हैं।

(घ) परिश्रमी अंकिता अपना काम समय से पूरा कर लेती है।

(ङ) रवि रोज सवेरे दौड़ता है।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×4=4

(क) 'करुण रस' का एक उदाहरण लिखिए।



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(ख) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में निहित रस पहचान कर लिखिए –

तंबूरा ले मंच पर बैठे प्रेमप्रताप,
साज मिले पंद्रह मिनट, घंटा भर आलाप।
घंटा भर आलाप, राग में मारा गोता,
धीरे-धीरे खिसक चुके थे सारे श्रोता।

(ग) 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है?

(घ) 'वात्सल्य' रस का स्थायी भाव क्या है?

(ङ) 'शृंगार' रस के कौन से दो भेद हैं?

## खंड 'ग'

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 5

किसी दिन एक शिष्या ने डरते-डरते खाँ साहब को टोका, "बाबा ! आप यह क्या करते हैं, इतनी प्रतिष्ठा है आपकी। अब तो आपको भारतरत्न भी मिल चुका है, यह फटी तहमद न पहना करें। अच्छा नहीं लगता, जब भी कोई आता है आप इसी फटी तहमद में सबसे मिलते हैं।" खाँ साहब मुसकराए। लाड़ से भरकर बोले, "धत्! पगली, ई भारतरत्न हमको शहनईया पे मिला है, लुंगिया पे नाहीं। तुम लोगों की तरह बनाव-सिंगार देखते रहते, तो उमर ही बीत जाती, हो चुकती शहनाई। तब क्या रियाज़ हो पाता?"

(क) एक दिन एक शिष्या ने खाँ साहब को क्या कहा? क्यों? 2

(ख) खाँ साहब ने शिष्या को क्या समझाया? 2

(ग) इससे खाँ साहब के स्वभाव के बारे में क्या पता चलता है? 1

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में लिखिए – 2×4=8

(क) मन्नू भंडारी के पिता के दकियानूसी मित्र ने उन्हें क्या बताया कि वे भड़क उठे?

(ख) बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के आश्चर्य का कारण क्यों थी?

(ग) कैसे कह सकते हैं कि बिस्मिल्ला खाँ मिली-जुली संस्कृति के प्रतीक थे?

(घ) 'फादर बुल्के की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी लगती थी'– इस मान्यता का कारण समझाइए।

(ङ) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर आशय समझाइए– "क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर-गृहस्थी, जवानी-ज़िंदगी सब कुछ होम देने वालों पर भी हँसती है...।"



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

9. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 5

यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया;
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया।
प्रभुता का शरण-बिंब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।
जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन –
छाया मत छूना
मन, होगा दुख दूना।

(क) 'हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है' – इस पंक्ति से कवि किस तथ्य से अवगत करवाना चाहता है? 2

(ख) कवि ने यथार्थ के पूजन की बात क्यों कही है? 2

(ग) 'मृगतृष्णा' का प्रतीकात्मक अर्थ लिखिए। 1

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए- $2\times4=8$

(क) लक्ष्मण ने धनुष टूटने के किन कारणों की संभावना व्यक्त करते हुए राम को निर्दोष बताया?

(ख) फागुन में ऐसी क्या बात थी कि कवि की आँख हट नहीं रही है?

(ग) फसल क्या है? – इसको लेकर फसल के बारे में कवि ने क्या-क्या संभावनाएँ व्यक्त की हैं?

(घ) 'कन्यादान' कविता में वस्त्र और आभूषणों को 'स्त्री जीवन के बंधन' क्यों कहा गया है?

(ङ) संगतकार किसे कहा जाता है? उसकी भूमिका क्या होती है?

11. 'साना-साना हाथ जोड़ि' के आधार पर गंगतोक के मार्ग के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए जिसे देखकर लेखिका को अनुभव हुआ – "जीवन का आनंद है यही चलायमान सौन्दर्य!" 4

**अथवा**

'जार्ज पंचम की नाक' के बहाने भारतीय शासनतंत्र पर किए गए व्यंग्य को स्पष्ट करते हुए पत्रकारों की भूमिका पर भी टिप्पणी कीजिए।

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खंड 'घ'

12\. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए– 10

(क) <u>कमरतोड़ महँगाई</u>
- महँगाई के कारण
- समाज पर प्रभाव
- व्यावहारिक समाधान

(ख) <u>स्वच्छ भारत अभियान</u>
- विकास में स्वच्छता का योगदान
- अस्वच्छता से हानियाँ
- रोकने के उपाय

(ग) <u>बदलती जीवन शैली</u>
- जीवन शैली का आशय
- बदलाव कैसा
- परिणाम

13\. किसी विशेष टी.वी. चैनल द्वारा अंधविश्वासों को प्रोत्साहित करने वाले अवैज्ञानिक और तर्कहीन कार्यक्रम प्राय: दिखाए जाने पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

आप अपनी किसी चूक के लिए बहुत लज्जित हैं और माँ के सामने जाने का साहस भी नहीं जुटा पा रहे हैं। तथ्यों को स्पष्ट करते हुए माँ को पत्र लिखकर क्षमायाचना कीजिए।

downloaded from StudentSuvidha.com

14\. अतिवृष्टि के कारण कुछ शहर बाढ़ ग्रस्त हैं। वहाँ के निवासियों की सहायतार्थ सामग्री एकत्र करने हेतु एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

बॉल पेनों की एक कंपनी 'सफल' नाम से बाज़ार में आई है। उसके लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com